Instructions Bulletin for the operation failure of the Month of May'2022

No. IB/ETC/GZB/2022--23/02

1. - केस स्टडी -1

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 21.05.2022 | 27851 / LDH | AMH | मुरादाबाद |
| यू०ओ०आर/ विफलता का विवरण | दिनांक 21.05.2022 को गाड़ी संख्या AMH लोको संख्या 27851 / LDH में कार्य करने के दौरान लोको पायलट श्री रामप्रकाश मुख्यालय सुल्तानपुर के द्वारा PRPM स्टेशन गुजरने के बाद टीएलसी को सूचना दी गयी, कि SL – 1 का फाइबर कवर नहीं है। तथा टीएलसी लखनऊ ने लोको को लाने से मना कर दिया है। जिस कारण उक्त लोको को कहेलिया स्टेशन पर फेल करना पड़ा जिसमे अत्यधिक समय की अनावश्यक हानि हुई। उक्त लोको को SL कवर के बिना ही उसी ट्रेन में GZB से प्राप्त किया गया था। जबकि SL कवर की अनुपलब्धता के बारे में दिनांक 26.04.22 से लोको लोग बुक मे रिमार्क लिखा हुआ था। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | • लोको पायलट ने लोको का प्रभार लेते समय टीएलसी मुरादाबाद को सूचित नहीं किया। <br> • लोको पायलट ने PRPM स्टेशन गुजरने के बाद टीएलसी को सूचित किया तथा टीएलसी लखनऊ द्वारा लोको स्वीकार न करने के बारे में बताया। <br> • गाड़ी को कहेलिया स्टेशन पर खड़ा करके सहायता इंजन की मांग की गयी। | | |
| TSD के अनुसार ट्रबलशूटिंग/ लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | ----- | | |
| रिमार्क | Bad Case: <br> लोको पायलट श्री रामप्रकाश मुख्यालय सुल्तानपुर द्वारा लोको का चार्ज लेते समय ही टीएलसी मुरादाबाद को बताया गया होता तो उक्त गाड़ी के अनावश्यक बिलंबन को बचाया जा सकता था। | | |

2. - केस स्टडी -2

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 26.05.2022 | 60005/SRE | DN / DUMK | मुरादाबाद |
| यू०ओ०आर/ विफलता का विवरण | दिनांक 26.05.2022 को गाड़ी संख्या DN/DUMK के लोको संख्या 60005/SRE में लोको पायलट श्री देव कुमार सिन्हा मुख्यालय लक्सर के द्वारा कार्य करने के दौरान HRH – MB के मध्य VCD ऑपरेट हो जाने के कारण गाड़ी ब्लॉक खण्ड में ही समय 05:00 बजे खड़ी हो गयी। लोको पायलट नियमानुसार VCD एकनॉलेज करने तथा रिसेट करने में असमर्थ रहे। अंत में सेक्शन बदल कर पिछले सेक्शन से ब्लॉक खण्ड साफ़ किया। तथा MB स्टेशन पर समय 05:25 पर आकर आगे वाले सेक्शन से लोको energise करने पर लोको सामान्य रूप से कार्य करने लगा। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | लोको पायलट ने पीछे वाले सेक्शन से लोको चालू करके ब्लॉक सेक्शन साफ़ किया। <br> लोको पायलट को VCD ऑपरेट होने तथा उसे रिसेट करने के सही तरीके की जानकारी नहीं थी। | | |

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| TSD के अनुसार ट्रबलशूटिंग/ लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | WAG-12B लोको में VCD रिसेट करने का उचित विधिवत तरीका निम्न प्रकार है :-<br>• ट्रैक्शन / ब्रेकिंग हैंडल को न्यूट्रल पोजीशन पर लाये.<br>• 32 सेकंड का इंतजार करे.<br>• सेंट्रल पैनल पर लगे VCD एकनोलिज पुश बटन को प्रेस करे.<br>• VCB को बंद करे.<br>• ऑटो ब्रेक हैंडल को फुल सर्विस पर 10 सेकंड के लिए रखे तथा उसके बाद रन पोजीशन पर रखे. |
| रिमार्क | Bad Case:<br><br>VCD ऑपरेट हुयी जिसे लोको पायलट समय से पहचानने तथा रिसेट करने में असफल रहे, जिसके कारण उक्त गाड़ी का अनावश्यक बिलम्ब हुआ। |

3. - केस स्टडी -3

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 19.05.22 | 22204/BSL+37286/BRC | 14324 | दिल्ली |
| यू०ओ०आर/ विफलता का विवरण | नुमेटिक पैनल पर फीड पाइप से एयर लीकेज का होना. | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | दिनांक-19.05.2022 को लोको संख्या- 22204/BSL+37286/BRC गाड़ी संख्या- 14323 मे कार्य करते हुए रोहतक पंहुचा, तथा गाडी संख्या-14324 के लिए उपरोक्त लोको नामित किया गया था। TLC/NDLS के निर्देशानुसार लोको संख्या-37286 को गाडी मे कार्य करना था तथा लोको संख्या-22204 डेड को डेड रहना था। 13:40 बजे LPS श्री रवि रंजन घोष ने लोको संख्या- 22204 को डेड बनाया तथा लोको संख्या-32786 को इनरजईज़ करके 14:10 बजे EOT किया। 14:20 बजे FP एंगल कॉक को खोला गया। 14:24 बजे कॉनटीनुइटी करने के बाद FP प्रेशर 2-3 kg/cm² तक बना। चेक करने पर रियर डेड लोको संख्या- 22204 के नयूमेटिक पैनल से लीकेज मिली। रियर लोको को आइसोलेट करने पर प्रेशर नार्मल हुआ तब गाडी का प्रस्थान 14:34 बजे 34 मिनट का विलाम्भ्ता से हुआ। | | |
| TSD के अनुसार ट्रबलशूटिंग/ लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | रियर लोको संख्या - 22204 को डैड बनाते समय वाल्व मे लीकेज होने के कारण फीड वाल्व को आइसोलेट करना चाहिए था। | | |
| रिमार्क | Bad Case<br><br>LPS श्री रवि रंजन घोष ने रियर लोको संख्या - 22204 को डैड बनाते समय FP कॉक को आईसोलेट नहीं किया जिसके कारण अनावश्यक समयहानि हुई | | |

Scanned with CamScanner

4. - केस स्टडी -4

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 24.05.22 | 22731/DLTB | 14624 | दिल्ली |
| यू०ओ०आर/ विफलता का विवरण | फ्यूज CCPTका बार बार मेल्ट होना. | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | दिनांक-24.05.22 को लोको संख्या- 22731/DLTB गाड़ी संख्या-14624 कार्य करता हुआ भटिंडा साइड से चला, 09:26 बजे KIU स्टेशन पास करते समय DJ ट्रिप हुआ, BP प्रेशर ड्राप होने के साथ-साथ पैंटो लोअर हो गया तथा गाड़ी खण्ड KIU-JJT के मध्य खड़ी हो गयी। लोको पायलट द्वारा चेक करने पर CCPT फ्यूज मेल्ट मिला जिसे बदल दिया गया, परन्तु पुनः CCPT फ्यूज मेल्ट हो गया। लोको पायलट ने HOBA को ऑफ पोजीशन पर किया तथा बोगी -2 को आइसोलेट किया लेकिन फिरसे CCPT फ्यूज मेल्ट हो गया। लोको पायलट ने CCPT फ्यूज बदला तथा RSI ब्लाक-1 को आइसोलेट करके कोशिश किया। सफलता मिलने पर एक ब्लाक के साथ गाडी कार्य करते हुए साईट से प्रस्थान हुआ। 10:29 बजे गाड़ी के रोहतक आगमन पर लोको पायलट ने ब्लाक-1 को नार्मल किया तथा HMCS-1 को 3rd पोजीशन पर करके TM-2 को आइसोलेट किया तब पाँच मोटरों के साथ गाडी का रोहतक से 10:32 बजे प्रस्थान हुआ। | | |
| TSD के अनुसार ट्रबलशूटिंग/ लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | उपरोक्त लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही ट्रबल शूटिंग / से प्रतीत होता है, कि लाइन कांटेक्टर -2 मे फाल्ट था। तथा MP को N पर रखने या फर्स्ट नौच लने पर CCPT मेल्ट हो रहा था . इस दशा मे CCPT मेल्ट होने पर की जाने वाली कारवाही निम्न है।<br><br>L-1, L-2, L-3, L-4, L-5, L-6 कांटेक्टर की जाँच करे . यदि कोई बाहरी वस्तु दीखाई दे , तो उसे अलग कर दे.<br><br>HMCS1/2 के द्वारा ख़राब लाइन कांटेक्टर के EP वाल्व की पहचान कर उसे आईसोलेट करे. | | |
| रिमार्क | Bad Case<br><br>लोको पायलट ने CCPT फ्यूज के मेल्ट होने पर TSD के अनुसार कार्यवाही नहीं की . | | |

5. - केस स्टडी -5

| दिनांक | मेमू न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 18.05.22 | 34021/ET | Up NMG | LKO |
| यू०ओ०आर/ विफलता का विवरण | गाड़ी की टी.सी. कपलिंग का नहीं खुलना . | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | लोको पायलट ने चौखंडी स्टेशन पर लोको का चार्ज लिया तथा शंटिंग करने के बाद लोको को गाड़ी पर लखनऊ साइड की तरफ लगाया। गाड़ी का प्रस्थान चौखंडी स्टेशन से 13:30 बजे हुआ। गाड़ी को अगले स्टेशन पर GDR बनाने के लिए रोका गया। लोको पायलट द्वारा गाड़ी की जाँच के दौरान पाया गया की गाड़ी की टी.सी. कपलिंग खोलने का काफी प्रयास किया परन्तु | | |

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | सफल नहीं हुए। वाराणसी से CLI को लोको अटेंड करने के लिए भेजा गया परन्तु टी. सी. कपलिंग नहीं खुल पायी। उन्होंने LP एवं ALP की मदद से किसी प्रकार कप्लर को बंद करके सेफ्टी पिन को लगाया, उसके बाद गाड़ी का प्रस्थान हो सका। जिसके कारण गाडी का 42 मिनट विलंबन हुआ। |
| लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | क्रू को चार्ज लेते समय दोनों तरफ की कपलिंग के खुलने तथा बंद होने की तसल्ली अवश्य करनी चाहिये थी , जिससे गाड़ी में हुई समय हानी को बचाया जा सकता था। |
| रिमार्क | Bad Case<br>लोको पायलट/ असिस्टेंट लोको पायलट द्वारा चौखंडी स्टेशन पर लोको को गाड़ी से कपल करते समय कप्लर का ठीक प्रकार से बंद तथा लॉक होना चेक करना चहियें था. |

6. केस स्टडी -6

| दिनांक | मेमू न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 24.05.22 | 22405/GD | 14232 | LKO |
| यू०ओ०आर/ विफलता का विवरण | गाड़ी की टी.सी. कपलिंग का नहीं खुलना . | | |
| लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | गाडी स० 14231 का बस्ती स्टेशन पर आगमन 11:41 बजे हुआ। LP ने लोको को रिवर्स करके गाड़ी पर लखनऊ एंड की तरफ लगाया। गाडी स० 14232 का प्रस्थान बस्ती स्टेशन से 13:50 बजे हुआ तथा अयोध्या स्टेशन पर 16:01 बजे आगमन हुआ। LP के अंडरफ्रेम की जाँच के दौरान पाया की गाडी की TC कपलिंग लगी है परन्तु लोको का कप्लर खुला हुआ है। कप्लर को बंद करने के लिए LP ने TC कपलिंग खोलने का काफी प्रयास किया परन्तु सफल नहीं हुए। स्टेशन पोर्टर की मदद से TC कपलिंग को कप्लर से अलग किया गया तथा लोको को आगे बढाकर पुनः TC कपलिंग को लगाया गया और कप्लर को ठीक प्रकार से बंद करके सेफ्टी पिन को लगाया तत्पश्चत लोको को गाड़ी से अटेच किया गया। उसके बाद गाड़ी का प्रस्थान हो सका। जिसके कारण गाड़ी का 65 मिनट विलंबन हुआ। | | |
| लोको पायलट द्वारा की जाने वाली सही कार्यवाही | क्रू को चार्ज लेते समय दोनों तरफ की कपलिंग के खुलने तथा बंद होने की तसल्ली अवश्य करनी चाहिये थी , जिससे गाड़ी में हुई समय हानी को बचाया जा सकता था। | | |
| रिमार्क | Bad Case<br>लोको पायलट/ असिस्टेंट लोको पायलट द्वारा बस्ती स्टेशन पर लोको को गाड़ी से कपल करते समय कप्लर का ठीक प्रकार से बंद तथा लॉक होना चेक करना चहियें था. | | |

Scanned with CamScanner

**7.0 कन्वेंशनल लोको मे SA-9 से लोको ब्रेक नहीं लगता है–**

1. SA-9 की दोनो कट आउट कॉक काम करने वाली cab मे पुरे खुले तथा पिछली cab मे बन्द देखे.
2. MU2B वाल्व को लीड पोजीशन पर देखे.
3. अंडर फ्रेम मे MR-4 कट आउट कॉक को खुला देखे तथा MRमे 8.0 से 9.0 kg/cm² प्रेशर होना चेक करे .
4. C-2 रिले वाल्व को टैप करे .
5. दोनो बोगी कट आउट कॉक खुले देखे.
6. हैण्ड ब्रेक तथा व्हील के नीचे गुटके लगाकर , टीएलसी से मदद की मांग करे.

उपरोक्त निर्देश बुलेटिन विद्युत प्रशिक्षण केन्द्र, गाजियाबाद की वेबसाइट www.etcgzb.in पर भी उपलब्ध है।

सरताश

(सरताश कुमार)
(प्रधानाचार्य/वि.प्र.के./गा.बाद.)

दिनांक – 15.06.2022

न० 232-विद्युत/वि.प्र.के./ट्रेनिंग-1

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य विद्युत अभियंता/मोबिलिटी, उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन/नई दिल्ली, लखनऊ - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।
4. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण/मुरादाबाद, फिरोजपुर, अंबाला- सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।

Scanned with CamScanner